कार्यालय महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश, शिविर लखनऊ

संख्या 1329/आशु0/शि0का0लख0/2001 दिनांक 12-1-01

1- समस्त उप महानिरीक्षक निबंधन,
उत्तर प्रदेश।

2- समस्त सहायक महानिरीक्षक निबंधन ,
उत्तर प्रदेश।

यह निर्णय लिया गया है कि क्षेत्रीय स्तर पर तैनात उप महानिरीक्षक निबंधन/सहायक महानिरीक्षक निबंधन के पास आशुलिपिक / शिविर सहायक में से एक ही कार्मिक को इन संवर्गों में उपलब्ध कार्मिकों की कमी को देखते हुए रहने दिया जाये। इस प्रकार जिन-जिन उप/ सहायक महानिरीक्षक निबंधन के पास आशुलिपिक/ शिविर सहायक दोनों कार्मिक तैनात है, उन्हे एक कार्मिक को मुक्त करना होगा ताकि उन्हे ऐसी किसी अधिकारी के साथ लगाया जा सके जिनके पास न तो आशुलिपिक है और न ही शिविर सहायक है |

यदि आप स्वयं अपने स्तर से तय करके मुझे एक सप्ताह के भीतर यह प्रेषित कर देगें कि दो में से किस कर्मचारी को आप छोड़ना चाहते है या यदि वे स्वयं जाना चाहते है, तो उचित रहेगा । यदि आपकी यह सूचना निर्धारित अवधि तक प्राप्त नही होती है तो दोनों कर्मचारियों में से जो कर्मचारी ज्यादा दिन से आपके पास होगें, उन्हे वहां से स्थानान्तरित कर दिया जायेगा । सबंधित कर्मचारी के अवधि की गणना उस स्थान पर व्यतीत की गयी अवधि से होगी |

यदि कोई उप/ सहायक महानिरीक्षक निबंधन एक से अधिक जनपद के कार्य की प्रभारी के रूप में देख रहे है तो उन्हे भी उक्त विषम परिस्थिति में एक ही स्टाफ को बनाये रखने की अनुमति दी जा सकती है|

ह०/–
वीरेश कुमार
महानिरीक्षक निबंधन,
उत्तर प्रदेश।

संख्या - 1329(1)/आशु/शि0का0लख0/2000 दिनांक 12-1-01

प्रतिलिपि अपर महानिरीक्षक निबंधन (प्रशासन), मुख्यालय इलाहाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

ह०/–
वीरेश कुमार
महानिरीक्षक निबंधन,
उत्तर प्रदेश।